considering the recommendations, came to the conclusion that it is inopportune to effect any radical changes in the present structure of Khadi and Village Industries Commission. The Government have, however, accepted the main theme of the Committee's recommendations regarding the need for improving the efficiency of the present organisation. Steps have already been initiated to achieve this objective.

बिहार में बड़े तापीय बिजली घर की स्थापना करना

1357. श्री लखनलाल कपूर : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार का विचार बिहार मे बिजली की कमी को पूरा करने के लिए बडे तापीय बिजली घर की स्थापना करने का है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : इस समय, केन्द्रीय क्षेत्र में, बिहार में सुपर ताप विद्युत केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नही है ।

गैस-टरबाइन जेनरेटरों का आयात

1358. श्री लखनलाल कपूर : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विदेश से गैस टरबाइन जनरेटर खरीदे हैं ;

(ख) क्या बिजली की कमी को दूर करने के लिये प्रत्येक गैस-टरबाइन जेनरेटर 25 मेगावाट बिजली का उत्पादन करेगा ; और

(ग) उनमें से प्रत्येक राज्य को कितने-कितने गैस-टरबाइन जेनरेटर दिये गये हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नही उठता ।

Steps to cover up the Whole Country with T.V. Facilities

1359. SHRI RAMANAND TIWARY: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the areas/States covered by television facilities and centres;

(b) the steps taken or proposed to be taken to cover other areas particularly hilly and remote areas; and

(c) the time by which all the left out areas are likely to be covered with television facilities?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) The following areas/States are covered by Television facilities at present:

Areas	States
1. Delhi . .	Delhi
2. Bombay & Poona	Maharashtra
3. Srinagar . .	Jammu and Kashmir
4. Amritsar . .	Punjab
5. Calcutta . .	West Bengal
6. Madras . .	Tamil Nadu
7. Lucknow, Mussoorie.	Uttar Pradesh
8. Hyderabad .	Andhra Pradesh
9. Jaipur . .	Rajasthan
10. Raipur . .	Madhya Pradesh
11. Gulbarga . .	Karnataka
12. Pij. . . .	Gujarat

(b) and (c). SITE On-Going transmitters at Sambalpur (Orissa) and Muzaffarpur (Bihar), a TV Centre at Jullundur (Punjab) and a TV relay transmitter at Kanpur (U.P.) are now under installation. Work is also on hand to set up permanent TV towers at Calcutta and Lucknow which would increase the service range of the

existing transmitters at these places. It is also proposed to increase the power of the existing transmitter in Delhi and instal a higher tower. Proposals for further expansion of TV facilities during the next Plan are being formulated but their implementation will depend upon technical feasibility, availability of resources and allocation of priorities by the Planning Commission.

पिछड़े क्षेत्रों का विकास

1360 श्री रामानन्द तिवारी : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए कोई योजना है ;

(ख) यदि हां, तो यह कब से लागू है तथा पिछड़े क्षेत्रों के विकास पर उसका क्या असर पडा तथा तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या उक्त योजना का कोई मूल्यांकन किया गया है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) पिछडे क्षेत्रों का विकास तेजी से करने के उद्देश्य से पांचवीं पंचवर्षीय योजना मे अनेक विशेष स्कीमें चलती रही हैं । इनमें ये शामिल हैं :—(क) सूखा प्रवृत्त क्षेत्र कार्यक्रम, (ख) पिछडे क्षेत्रों में औद्योगिक विकास के लिए प्रोत्साहन स्कीम, (ग) (1) जनजाति क्षेत्रों, (2) पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एकीकृत उप-योजनाओ की तैयार करना । ये सभी स्कीमें राज्यो की योजनाओ की अंग हैं, राज्यों को केन्द्र द्वारा इस प्रयोजन के लिए विशष सहायता दी जाती है । इनके अतिरिक्त जनजाति क्षेत्रों और पहाड़ी क्षेत्रों में परियोजनाओं के लिए केन्द्र द्वारा सीधे सहायता देने की कुछ स्कीमें भी हैं ।

(ख) और (ग) . यह इस समय तो नही कहा जा सकता कि इन कार्यक्रमो का पिछडे क्षेत्रो के कल्याण पर क्या असर हुआ है, परन्तु 1978—83 के लिए योजना तैयार करते समय इन विशेष क्षेत्र स्कीमों का सामान्य मूल्यांकन किया जाएगा । कृषि मंत्रालय के अन्तर्गत कृषि-आर्थिक अनुसधान केन्द्रों द्वारा जो पिछड़े क्षेत्रों में चल रही कुछ स्कीमो के मूल्यांकन अध्ययन किए गए है ।

सशस्त्र सेनाओं में बिहार का प्रतिनिधित्व

1361. श्री रामानन्द तिवारी : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सेना में अन्य राज्यो की तुलना में बिहार का प्रतिनिधित्व कितने प्रतिशत है ; और

(ख) सेना में विभिन्न पदो पर अन्य राज्यों की तुलना में बिहार का प्रतिनिधित्व कितने प्रतिशत है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) और (ख). एक विवरण संलग्न है।

विवरण

सशस्त्र सेनाओं में बिहार का प्रतिशत इस प्रकार है :—

थल सेना	.	5.20
नौसेना	.	4. 4
वायुसेना	.	6.06